# पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ विभागीय अधिकारी शासकीय दायित्वों का करें निर्वहन : सुचारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई। शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी हितग्राहीमूलक योजनाओं में बगैर कारण के राशि भुगतान में विलंब न हो। सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ तन्मयता से शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। आमजनों के साथ अच्छा व्यवहार भी रखें। यह बात सागर संभाग के नवागत कमिश्नर अनिल सुचारी ने गुरूवार को कलेक्टेऊट सभाकक्ष में संपन्न विभागीय समीक्षा बैठक में कहीं। संभागायुक्त श्री सुचारी ने पन्ना के प्रथम प्रवास के दौरान आयोजित परिचयात्मक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।**



कमिश्नर श्री सुचारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के शेष कार्यों को बारिश के बाद अनवरत रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत विकासखण्डवार लक्ष्य मुताबिक पौधरोपण की कार्ययोजना पर चर्चा कर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को मीनू अनुसार पौष्टिक भोजन के वितरण, रसोईयों का समय पर भुगतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के प्रकरणों का समय पर निराकरण सहित कल्याणी विवाह योजना के प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन व बेहतर क्रियान्वयन के लिए निरीक्षण व्यवस्था को भी प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के परीक्षण व टंकी निर्माण सहित अन्य कार्यों को भी तय समय सीमा में पूर्ण करने की हिदायत दी। साथ ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस सहित साइट वेरीफिकेशन कार्य भी जल्द पूर्ण कराने तथा निरंतर रूप से कार्यों की मॉनीटरिंग की बात भी कही। उन्होंने कहा कि कार्य उपरांत समानांतर रूप से रोड रेस्टोरेशन कार्य भी पूर्ण कराया जाए, जिससे आमजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**31 अगस्त तक हैण्डओवर करें सांदीपनि विद्यालय पन्ना का भवन:-** कमिश्नर श्री सुचारी ने सांदीपनि विद्यालय पन्ना के निर्माण एजेन्सी के अधिकारी से भवन पूर्णता तथा गुणवत्ता संबंधी कार्यों की जानकारी लेकर आगामी 31 अगस्त तक भवन हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी 31 अक्टूबर तक जिला अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण का कार्य पूर्ण करने के लिए भी कहा। इस दौरान सीएमएचओ को स्वास्थ्य संस्थाओं में सुधार के लिए अपेक्षित प्रयास करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं में गत वर्ष से बेहतर परिणाम लाने के निर्देश दिए। सभी परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों के कार्य की सतत् मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, पोषण आहार वितरण की निगरानी व सत्यापन के लिए वीडियोग्राफी कराने, लाडली लक्ष्मी योजना एवं मातृ वंदना योजना में समस्त पात्र बालिकाओं व महिलाओं को लाभांवित करने सहित पोषण पुर्नवास केन्द्रों को निरंतर सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन स्थिति की जानकारी लेकर गत वर्ष में 50 प्रतिशत से कम परिणाम वाले स्कूलों को खराब रिजल्ट के कारणों पर फोकस कर वर्तमान सत्र में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर किताब वितरण, संस्था में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की मॉनिटरिंग, जनप्रतिनिधियों से साईकिल वितरण कराने सहित सतत रूप से शालाओं के निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया।

**नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरण न रहें लंबित:-** कमिश्नर ने कहा कि समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निर्धारित दिवसों पर न्यायालय में बैठना सुनिश्चित करें। इसके लिए अधीनस्थ अधिकारियों को भी पाबंद किया जाए, जिससे पक्षकारों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। अपरिहार्य कारणों से राजस्व न्यायालय में न बैठने की स्थिति में पूर्व सूचना दें। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को दौरा प्रोग्राम निर्धारित कर टूर डायरी संधारित करने के लिए भी कहा। साथ ही नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों में समय पर वांछित कार्यावाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके अलावा राजस्व अधिकारियों को नसीहत दी की बगैर दर्ज किए कोई भी प्रकरण लंबित न रहें तथा प्राथमिकता क्रम से आवेदकों के सीमांकन प्रकरणों का निपटारा हो। अधीक्षक भू अभिलेख को डिजिटाईजेशन कार्य एवं जीर्ण-शीर्ण नक्शों संबंधी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फसल बीमा के प्रकरणों में सूक्ष्मता से निरीक्षण की बात भी कही। श्रम विभाग अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को समन्वय कर स्थानीय निकायों के संबल योजनाओं के प्रकरणों का अविलंब निराकरण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों में भी संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

**कृषि विभाग का मैदानी अमला किसानों के सतत संपर्क में रहे:-** संभागायुक्त द्वारा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक से बोवनी की स्थिति, मुख्य फसलों के उत्पादन, बीज वितरण सहित खाद उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को किसानों के सतत संपर्क में रहकर समस्याओं के समाधान तथा लाभकारी कृषि कार्यों एवं योजनाओं के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी को केसीसी, टीकाकरण तथा गौशालाओं में गौवंश के लिए समुचित प्रबंध सहित विभिन्न योजनाओं में हितग्राही चयन के संबंध में निर्देशित किया गया।

## बिजली आपूर्ति व्यवस्था में लाएं सुधार

कमिश्नर ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घरेलू, ग्रामीण व कृषि फीडर अंतर्गत बिजली आपूर्ति व वितरण व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया जाए। कृषि फीडर में निर्धारित 10 घंटे बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित हो। विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर का भी अविलंब सुधार कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही शिविर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान हो। ग्राम पंचायतों में पेयजल नल कनेक्शन के बेहतर संचालन के लिए भी विद्युत लाइन संबंधी सुधार कार्य तत्काल करें। कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग के पुल-पुलिया में आवश्यक सुधार कार्य के संबंध में भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विभाग के अधिकारी को बांधों की मॉनिटरिंग, जानकारी अद्यतन रखने सहित भू अर्जन से संबंधित समस्या के निराकरण एवं विस्थापन राशि के समुचित रूप से वितरण के लिए निर्देशित किया।

## अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

कमिश्नर श्री सुचारी ने समीक्षा बैठक के उपरांत बायपास रोड स्थित शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान यहां निवासरत छात्रों से आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं है। साथ ही टंकी व मोटर खराब होने से पेयजल की समस्या भी बनी रहती है। यहां टेलीविजन की उपलब्धता भी नहीं है। साथ ही पर्याप्त प्रकाश एवं साफ सफाई का भी अभाव है। इस पर कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त कर अधीक्षक को फटकार लगाई एवं सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी। उन्होंने छात्राओं से अन्य समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही महत्वपूर्ण संपर्क नंबर इंद्राज कराने सहित वांछित तथा जरूरी कार्यों के प्रस्ताव के संबंध में जिला संयोजक से चर्चा की। संभागायुक्त ने छात्रावास परिसर एवं शौचालयों का भी अवलोकन किया। इस दौरान भी सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अभाव पाया गया।

# छत्रसाल महाविद्यालय के लेखापाल का विदाई समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई। आज दिनांक 31 जुलाई को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्रचार डॉक्टर एस डी चतुर्वेदी के नेतृत्व में लेखापाल जगदीश कुमार वाल्मीक का विदाई समारोह किया गया।**




इस गरिमामय विदाई कार्यक्रम वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जेके वर्मा, डॉ मनोरमा गुप्ता, डॉ आर एम दत्ता विभाग अध्यक्ष जंतु विज्ञान, डॉ राजीव सिंह प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खोरा, सिद्धू सिंह प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गुन्नौर, श्रीमती पूनम सिंह प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अमानगंज, डॉ सचिन गोयल विभाग अध्यक्ष वाणिज्य, डॉ बी एन जायसवाल सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, डॉ नंद कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र, डॉ डीपी कुशवाहा विभाग अध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ एमके शुक्ला विभाग अध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, डॉ आनंद चैरसिया सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र, डॉ सतीश कुमार त्रिपाठी विभाग अध्यक्ष संस्कृत, डॉ राममोहन तिवारी विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी साहित्य, डॉ गुलाबधर विभाग अध्यक्ष इतिहास, डॉ ऋषभदेव साकेत सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान, धर्मेंद्र यादव क्रीड़ा अधिकारी, शुभम पाठक नव नियुक्त सहायक प्राध्यापक संस्कृत, डॉ पीयूषा शर्मा, डॉ अरविंद मंडोलिया, डॉ पुष्पराज चैरसिया, डॉ निशांत खरे, डॉ अरविंद निषाद, डॉ रचना गुप्ता, डॉ अमिता सिन्हा, विपिन कुमार ग्रंथपाल एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी विदाई समारोह में उपस्थित रहे।

# स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण

## दस्तावेजों का सत्यापन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक होगा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई। उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है।**

जारी समय सारणी के अनुसार सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में और मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी, 31 जुलाई से 3 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजो का सत्यापन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयो में आवेदन करने वाले विद्यार्थियो कि साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 5 अगस्त कि दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियो के साक्षात्कार एवं पर्टिल पर पात्रता की प्रविष्टि 6 से 7 अगस्त तक होगी। विद्यार्थियों को महाविद्यालयो में सीट का आवंटन 8 अगस्त को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक किया जा सकेगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदको का ही प्रवेश मान्य हगिं और प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने की अवस्था में प्रवेश मान्य नहीं माना जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के लिए यह अंतिम चरण होगा।

## बलराम जयंती एवं जन्माष्टमी पर्व की तैयारी बैठक आज

**पन्ना 31 जुलाई।** आगामी 14 अगस्त को बलराम जयंती एवं 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करने एवं आवश्यक तैयारियों के दृष्टिगत शुक्रवार, 1 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है।

यह तैयारी बैठक कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में होगी। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने बैठक में समस्त शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# नि :शुल्क शव वाहन सेवा अंतर्गत जिले को प्राप्त हुए दो शव वाहन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रारंभ की गई नि:शुल्क शव वाहन सेवा अंतर्गत गत दिवस जिले को दो शव वाहन प्राप्त हुए।**



उक्त प्रारंभ की गई सेवा अंतर्गत शासकीय अस्पतालो में रोगी/दुर्घटना पीडितो की इलाज के दौरान संस्था में मृत्यु होने पर मृतक को सम्मानपूर्वक उनके परिजनों को सुपुर्द कर नि:शुल्क उनके निवास स्थल/श्मशान घाट तक पहुॅचाया जाएगा। जिले को प्राप्त हुए शव वाहनों द्वारा जिले की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओ में मृतक हुए व्यक्तियों को पन्ना जिले की सीमा के अंदर उनके घर/श्मशान घाट तक पहुॅचाया जाएगा। निजी चिकित्सालयो, निवास स्थल एवं अन्यत्र किसी भी स्थान में हुई मृत्यु के प्रकरण में शववाहन उपलब्ध कराए जाने की पात्रता नहीं होगी। उक्त शववाहन 24 घंटे संचालित होगे जिसमें प्रत्येक समय एक वाहन चालक की उपस्थिति सेवा प्रदाता संस्था द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

# लोक अभियोजन कार्यालय के अधिकारियों को दिया ई-फाइलिंग का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित ई-दक्ष केंद्र में लोक अभियोजन कार्यालय के समस्त अधिकारियों के लिए ई-फाइलिंग 3.0 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**

प्रशिक्षण केन्द्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर वैभव सोनी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में कोर्ट में केस दायर करने की ऑनलाइन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला लोक अभियोजन अधिकारी सहित समस्त सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों ने सहभागिता की। संबंधितजनों को मुकदमा हेतु ऑनलाइन याचिका, आवेदन एवं भुगतान संबंधी प्रक्रिया के बारे में बताया गया। वरिष्ठ प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा ई-फाइलिंग प्रक्रिया को अमल में लाया जाना है, जिसके पश्चात न केवल अधिवक्ताओं द्वारा, बल्कि किसी भी आम नागरिक द्वारा स्वयं भी ऑनलाइन फाइलिंग की जा सकेगी। अधिवक्ताओं के प्रशिक्षण के लिए ई-दक्ष केन्द्र में संपर्क किया जा सकता है।

# महेबा मानसागर तालाब की बदली तस्वीर

## गुनौर विधायक का रहा भरसक प्रयास



नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई। महेवा मानसागर तालाब जो करीब 65 एकड़ में फैला हुआ है लेकिन हालात यह थी कि ना तो कोई तालाब में अब नहाता था और ना हुई किसी प्रकार का इस्तेमाल करता था क्योंकि जगह-जगह घाट टूटे और गंदगी इतनी कि अगर हाथ डालो तो खुजली होने लगे कई बार अधिकारियों की संज्ञान में यह बात लाई गई लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया।**

विधायक डॉ राजेश वर्मा ने सरपंच को सुझाव दिया और कहा की तालाब साफ होना चाहिए जिससे लोगों को लगे की यह तालाब है जिसके चलते आज मैदानी संवाददाता जब ग्राउंड पर गए तो देखा कि तालाब में जो पहले हालात थे वह तालाब नहीं दिखता आज लगता है कि हां हम मानसागर तालाब में खड़े हैं जहां पर मशीनों से जेसीबी लगाकर पूरा कचरा साफ कराया गया जो आज साफ दिख रहा है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

विधायक के अथक प्रयासों से और उन्हीं के कहने पर यह तालाब की सफाई कराई जा रही है और इसके जो घाट टूटे थे वह घाट भी बनवाए गए।

**राजेश कुमार व्यास** सरपंच महेबा।

मैं इस ग्राम की जनपद सदस्य हूं मेरी भी हार्दिक इच्छा थी कि हमारे गांव का तालाब सुंदर और साफ हो जाए लेकिन विधायक जी और सरपंच की टीम ने मिलकर जो काम किया उसके लिए धन्यवाद करती हूं।

**गायत्री देवी** जनपद सदस्य गुनौर।

मेरी विधानसभा में सबसे बड़ा ग्राम महेवा जिससे मुझे बहुत लगाव है और यह तालाब साफ स्वच्छ और सुंदर हो यही मेरी इच्छा थी मैंने सरपंच को बोलकर इसे साफ कराया।

**डॉ राजेश वर्मा** विधायक गुण और विधानसभा।

हमारे मंडल में यह सबसे बड़ा तालाब है जो बड़ी जीर्ण शीर्ण अवस्था में था लेकिन विधायक के प्रयासों से यह संभव हो पाया कि आज तालाब देखते ही बनता है।

**भूपेंद्र सिंह** मंडल अध्यक्ष महेबा भाजपा।

# एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय अतिरिक्त चरण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई। उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयो में प्रवेश के लिए द्वितीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है।**

जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठ्यक्रमो में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 31 जुलाई से 4 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदर्नां के दस्तावेर्जा का सत्यापन 31 जुलाई से 6 अगस्त तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 7 अगस्त को होगा। विद्यार्थियों के लिए 8 अगस्त कि सीट आवंटन जारी किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भडतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियो को उपस्थित होकर 8 से 13 अगस्त तक लिंक इनिशिएट कराना हगिं।

विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक करना होगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदको का ही प्रवेश मान्य हगिं। विद्यार्थियो के प्रवेश के लिए यह अंतिम चरण है।

## दस्तक अभियान के तहत बच्चों को दस्त से बचाने दी गई जानकारी

अजयगढ़/पन्ना 31 जुलाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ़ में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शोभाराम शर्मा के निर्देशन कुपोषित बच्चों की माता को पोषण निवास केंद्र अजयगढ़ में भर्ती बच्चों के माता-पिता को पोषण पुर्नवास केन्द्र के कर्मचारियों के द्वारा दस्तक अभियान के तहत आवश्यक बातें बताई गई ।

# सीएमएचओ कार्यालय में किया गया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई।** प्रकृति द्वारा प्रदत्तन संसाधनो को पोषित करते हुए उनका उपभोग करने के सकारात्मक संदेश के साथ एक पेड मॉ के नाम अभियान अंतर्गत कलेक्टर पन्ना द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में सीएमएचओ डॉ आर पी तिवारी, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ एम के गुप्ता, एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो द्वारा आंवला, कटहल के पौधो का रोपण किया गया एवं वायुदूत(अंकुर) एप में एंट्री की गई साथ ही समस्त कर्मचारियो द्वारा वर्ष के प्रत्येक दिवस पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्पा लिया गया।



## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, 20वीं किस्त राशि का वितरण 2 अगस्त को

**पन्ना 31 जुलाई।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 20वीं किश्त राशि का वितरण शनिवार, 2 अगस्त को किया जाएगा। इसे पीएम किसान दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी उत्तरप्रदेश से हितग्राहियों को योजना की राशि अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम का विभिन्न स्थानों पर सीधा प्रसारण भी सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने पीएम किसान दिवस एवं राशि वितरण कार्यक्रम में हितग्राहियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

# प्रेमचंद की साहित्यिक यात्रा को समर्पित कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 31 जुलाई। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ एस डी चतुर्वेदी एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ बी एन जायसवाल के निर्देशन में कलम के सिपाही प्रेमचंद को समर्पित साहित्यिक यात्रा विषय पर एक विशेष साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन कला भवन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन हिंदी के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की स्मृति को समर्पित था।**



कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि का विकास, अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहन, तथा प्रेमचंद की प्रासंगिक दृष्टि से समाज को समझने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत दो प्रमुख प्रतियोगिताएँ निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं। निबंध प्रतियोगिता में प्रेमचंद का यथार्थवाद, ग्रामीण जीवन की झलक, आधुनिक भारत में प्रासंगिकता जैसे विचारोत्तेजक विषयों पर प्रतिभागियों ने अपनी विचारशील लेखनी प्रस्तुत की। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रेमचंद समाज के दर्पण तथा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं मूल्यांकन डॉ राम मोहन तिवारी (अंग्रेजी विभाग), डॉ. गुलाबधर (अंग्रेजी विभाग), शुभम पाठक (संस्कृत विभाग), डॉ अरविंद मंडेलिया (राजनीति विभाग), डॉ बरदानी प्रजापति (हिंदी विभाग), एवं डॉ पुष्पराज चैरसिया (अर्थशास्त्र विभाग), के मार्गदर्शन में किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहित रैकवार बी एससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान सचिन पाठक एमए तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान सोना लोधी एमए तृतीय सेमेस्टर को प्राप्त हुआ तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान वर्मा बी कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान मोहित रैकवार द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान देशराज चैधरी एमए प्रथम सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को प्रेमचंद के साहित्य से जोड़ने और उनकी सामाजिक दृष्टि को आत्मसात करने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध की। छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि नई पीढ़ी में साहित्यिक चेतना आज भी जीवंत है।